आराजी प्रतिवादी क्रम 1 के खाते दर्ज चली आ रही है। जो कि पैत्रक सम्पत्ति है। जो प्रतिवादी क्रम 1 को पिता भैरूलाल से विरासत में प्राप्त हुई थी तथा वादीगण व प्रतिवादी क्रम 1 की सन्तानें है इसलिए वादीगण की हिस्सा उपरान्त आराजी 1/3–1/3 जन्म से हिस्सा बनता है। वादीगण प्रतिवादी क्रम 1 के मध्य आपसी समझाईस से राजीनामा हो गया है। मुताबिक राजीनामा के वादीगण व प्रतिवादी क्रम 1 के उपरोक्त वर्णित आराजी में हिस्सा 1/3, 1/3 का राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में दर्ज कर कृषक खातेदार घोषित किया जावें। उपरोक्त वर्णित आराजी में मुताबिक राजीनामा के वादीगण क्रम 1 रूपनारायण व क्रम 2 लालचन्द्र व प्रतिवादी क्रम 1 अमृतलाल को हिस्सा 1/3–1/3 का राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में खातेदार कृषक घोषित किया जावें।

राजीनामा पढकर सुनाया गया सही होना स्वीकार किया वादीगण की पहचान श्री महावीर नागर एड0 द्वारा तथा प्रतिवादी क्रम 1 की पहचान श्री महेन्द्र सिंह हाड़ा एडवोकेट द्वारा की गई, राजीनामा बाद तस्दीक शा0 फा0 किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया, विवादित आराजी ग्राम काचरा की खाता संख्या 2 कुल किता 3 रकबा 3.37 है0 आराजी प्रतिवादी क्रम 1 के खाते में दर्ज है। जो पैत्रिक सम्पत्ति है। वारिस प्रमाण पत्र के अनुसार वादीगण प्रतिवादी क्रम 1 के पुत्र पुत्री है। उक्त विवादित आराजी पैत्रिक सम्पत्ति होने से वादीगण का हक निहित है। अतः न्यायहित में आपसी सहमति से वादीगण का वाद स्वीकार योग्य है।

## –:क्रियात्मक आदेशः–

उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादीगण का वाद आपसी सहमति से स्वीकार किया जाता है। विवादित आराजी ग्राम काचरा की खाता संख्या 2 किता 3 रकबा 3.37 है0, में वादी क्रम 1 ल 2 व प्रतिवादी क्रम 1 को राजीनामें अनुसार 1/3–1/3 हिस्से का खातेदार कृषक घोषित किया जाता है। तहसीलदार अटरू उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करें। डिक्री पर्चा जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 26.09.2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

**(कृष्ण गोपाल जोजन)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**अटरू जिला बारां**

